आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 13.09.2025**

**मुख्य समाचारः–**

1– राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

2– पत्र सूचना कार्यालय द्वारा केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी देने बीजापुर में आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया–केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि बस्तर रेड कॉरीडोर से डेव्हलपमेंट कॉरीडोर बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

3– बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया–वहीं, जिले में सात माओवादी गिरफ्तार।

4– राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य तीन दिवसीय प्रवास पर कल बिलासपुर आएंगे।

----------------

**लोक अदालत**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित

प्रकरण, चेक बाउंस, जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण, ट्रैफिक चालान, बैंक, विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण सहित अनेक मामलों का निराकरण आपसी राजीनामे से किया गया।

## केन्द्रीय मंत्री–वार्तालाप

केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर आज बीजापुर जिला मुख्यालय में पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा एक दिवसीय वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। इस मौके पर जिले के पत्रकारों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि कभी नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र आज विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर रेड कॉरीडोर से डेव्हलपमेंट कॉरीडोर बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा ने पत्रकारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, नियद नेल्लानार और अटल डिजिटल सेवा सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में चौबीस नये कैम्प की स्थापना की गई है। इस साल एक सौ संतानवे माओवादी मारे गए हैं, जबकि सात सौ अट्ठारह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## डेंटल–कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश की तीन करोड़ जनता के आरोग्य के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार करेंगे। राज्य सरकार ने पिछले बीस महीनों में स्वास्थ्य

अधोसंरचना को मजबूत करते हुए दुर्गम अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का कार्य किया है। श्री साय ने आज रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

कार्यक्रम को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भी संबोधित किया।

**राज्यपाल–विद्यारंभ समारोह**

राज्यपाल रमेन डेका आज भिलाई स्थित रूंगटा इंटरनेशनल स्कील्स यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के विद्यारंभ समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में समस्याओं की पहचान करने और ऐसे समाधान विकसित करने के बारे में सोचें, जिनसे लाखों लोगों को लाभ हो सकें।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने यूनिवर्सिटी के ड्रोन क्लब का उद्घाटन भी किया।

**सीपीए–सम्मेलन**

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह बेंगलुरू में आयोजित राष्ट्र कुल संसदीय संघ–सीपीए के ग्यारहवें सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर डॉक्टर सिंह ने ''संवाद और चर्चा–जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम है'' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाएं किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली की रीढ़ होती है।

## खेल–वर्चुअल बैठक

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में ''खेल और युवा विकास से संबंधित चुनौतियों और अवसर'' विषय पर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री अरूण साव वर्चुअल रूप से शामिल हुए। बैठक में युवाओं को खेलों से जोड़ने और देश में खेल संस्कृति विकसित करने के लिए खेलो इंडिया की तर्ज पर नई युवा कल्याण योजना शुरू करने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही राज्यों में खेल विश्वविद्यालयों की स्थापना, खेल प्राधिकरण ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय केन्द्रों की संख्या में वृद्धि, खेल अधोसंरचानाओं के रखरखाव और मरम्मत के लिए विशेष बजट का प्रावधान करने तथा एकीकृत डिजिटल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के विकास जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी विचार विमर्श किया गया।

## स्वास्थ्य मंत्री–कॉन्फ्रेंस

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल आज नवा रायपुर स्थित श्री सत्य सांई अस्पताल में आयोजित इकतीसवें स्टूडेंट नर्सिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बायनिकल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। इस मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं है, बल्कि करूणा और अटूट समर्पण का परिचायक है। उन्होंने नर्सेस को स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि नर्सेस अपने जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा करती हैं।

## एनआईटी–अवॉर्ड

नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एनआईटी रायपुर एफआईई को आज नई दिल्ली में आयोजित चौथे भारत उद्यमिता शिखर सम्मेलन में ''भारत इन्क्यूबेटर अवॉर्ड'' से सम्मानित

किया गया है। यह पुरस्कार स्टार्टअप और नवाचार इको सिस्टम में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार दिल्ली सरकार के मंत्री मनिंदर सिंह सिरसा ने एनआईटी रायपुर एफआईई के फैकल्टी इंचार्ज डॉक्टर अनुज कुमार शुक्ला को प्रदान किया।

**<u>अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष–दौरा</u>**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य कल चौदह सितंबर से तीन दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर आएंगे। अपने प्रवास के पहले दिन श्री आर्य चौदह सितंबर को बिलासपुर में अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों, सांसदों और विधायकों से मुलाकात करेंगे। वहीं, श्री आर्य पन्द्रह सितंबर को सिकलसेल एनीमिया स्वास्थ्य जांच शिविर और युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे एसईसीआर रेलवे जोन बिलासपुर के अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ अलग–अलग बैठक करेंगे। अगले दिन सोलह सितंबर को वे नियमित विमान से नई दिल्ली लौट जाएंगे।

**<u>माओवादी–मुठभेड़</u>**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। घटनास्थल से एक बारह बोर बंदूक, बीजीएल लांचर सहित विस्फोटक और नक्सल सामग्री बरामद की गई है।

इसी जिले में सुरक्षा बलों ने बासागुड़ा और मोदकपाल थाना क्षेत्र से सात माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक माओवादी पर एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों के पास से विस्फोटक और प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है।

वहीं, बीजापुर जिले में ही कल मुठभेड़ में मारे गए दो माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। इन पर आठ–आठ लाख रूपए का इनाम घोषित था। मारे गए माओवादियों में हिड़मा पोडियाम और मुन्ना मड़कम दोनों नक्सली संगठन पीपीसीएम के सदस्य थे और इंद्रावती क्षेत्र में सक्रिय थे।

उधर, माओवादियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो की प्रमुख सुजाता ने आज तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में राज्य के डीजीपी और पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सुजाता पर एक करोड़ रूपए का इनाम घोषित था। वे पश्चिम बंगाल में मारे गए शीर्ष नक्सली कमांडर किशन जी की पत्नी है।

**मुख्यमंत्री–जीएसटी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि हाल ही में किए गए जीएसटी सुधारों से व्यापार और कृषि क्षेत्र को लाभ मिलेगा तथा व्यापारिक गतिविधियां सरल होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि को दर्शाता है, जो भारत को आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उपकरण अब जीएसटी में पांच प्रतिशत स्लैब में हैं, जिससे प्रदेश के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही दैनिक जरूरतों की चीज़ों के दाम कम होने से प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी।

**स्वच्छता पखवाड़ा**

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आगामी सत्रह सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। यह पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चलेगा। छत्तीसगढ़ स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के संचालक डॉक्टर

अश्वनी देवांगन ने बताया कि चौदह सितंबर तक ऐसे सभी ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया जाएगा, जहां साफ–सफाई की जरूरत होगी।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– प्रदेश में नीट यूजी के तहत एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग आज से शुरू हो गई है। इस चरण में पात्र अभ्यर्थियों के लिए नये पंजीयन की अंतिम तिथि सत्रह सितंबर तय की गई है।

– कोंडागांव जिले के ग्राम पदेली स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में आज करंट लगने से एक बच्ची की मौत हो गई। इस मामले में परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले में रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाली चिटफंड कंपनी के दो शेयर होल्डरों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में छह आरोपियों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

और

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के सीलपहरी इलाके में स्थित सोननदी में रेत भरने गए दो मजदूरों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं, कोरबा जिले के ग्राम उतरदा में आज खेत में काम कर रहे पति–पत्नी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इस हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई।